Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 7:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:15 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 33 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 18 जुलाई 2024



अमेरिकी इन्फ्लुएंसर ने मांगी प्रियंका...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### जहरीली मशरूम खाने से आठ मजदूर बीमार, अस्पताल में भर्ती

**पौड़ी।** मजदूरों ने मशरूम की सब्जी खाई थी। जिसे खाने के कुछ ही देर बाद वह बीमार पड़ने लगे। सभी आठ मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उत्तराखंड में पौड़ी जिले के बीरोंखाल में जंगली मशरूम खाने से आठ मजदूर बीमार पड़ गए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीरोंखाल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, फरसाड़ी बाजार में रह रहे आठ मजदूरों ने मशरूम की सब्जी खाई थी। जिसे खाने के कुछ ही देर बाद वह बीमार पड़ने लगे। सभी को आस पड़ोस के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। सीएचसी प्रभारी डा. शैलेंद्र रावत ने मजदूरों के जंगली मशरूम खाने से बीमार होने की पुष्टि की है। सभी मजदूरों का अभी इलाज चल रहा है। हालांकि, सभी खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

### नीट पेपर लीक में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी

**नई दिल्ली।** विवादों में घिरी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा स्नातक (नीट-यूजी) से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट आज सुनवाई कर रहा है। इनमें राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा स्थानांतरण की मांग करने वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। मुकदमेबाजी की बहुलता से बचने के लिए एनईईटी-यूजी विवाद पर विभिन्न उच्च न्यायालयों में इसके खिलाफ लंबित मामले शीर्ष अदालत में लंबित हैं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ 40 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। पांच मई को हुई परीक्षा में करीब 24 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुनवाई शुरू होने पर कहा कि नीट मामले को शुक्रवार को सुना जा सकता है। जिस पर सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि सुनवाई आज ही शुरू करते हैं। हम नीट मामले पर सबसे पहले सुनवाई करेंगे, क्योंकि लाखों छात्र फैसले का इंतजार कर रहे हैं।

## हल्द्वानी की नुमाइश में मनमाना प्रवेश शुल्क वसूलने से भड़के लोग

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

शहर के एमबी इंटर कालेज के मैदान में लगी नुमाइश में मनमाना शुल्क वसूलने से भड़के लोगों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। उनका कहना था कि नुमाइश में एंट्री फीस के नाम पर लोगों को लूटा जा रहा है। उन्होंने इस मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग की है। भाजपा काठगोदाम मंडल अध्यक्ष किशोर जोशी के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ता गुरुवार को तहसील पहुंचे और सिटी मजिस्ट्रेट को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सचिन कुमार को सौंपा। उनका कहना था कि नुमाइश में



पिछले सालों के मुकाबले प्रवेश शुल्क में दोगुना से अधिक की बढ़ोतरी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि नुमाइश में कमी मानकों का पालन नहीं किया गया है, जो लोगों के लिए खतरे का सबब बन रहा है। इसके अलावा नुमाइश के बाहर सड़क में पर्याप्त इंतजाम न होने के कारण जाम से लोग परेशान हो रहे हैं। उन्होंने नुमाइश के प्रवेश शुल्क को आमजन की पहुंच के अनुसार लिए जाने समेत अनियमितताओं को दूर करने की मांग उठाई। इस पर तहसीलदार ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा मंडल महामंत्री विक्रम अधिकारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनोज रावत, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष आनंदराम आर्य, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष रोहित मौर्या आदि शामिल थे।

**आरोप**
- तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग उठाई

डोडा के बाद कुपवाड़ा में मुठभेड़ शुरू

## मुठभेड़ः सेना और एसओजी के जवानों ने आतंकियों को घेरा

**जम्मू कश्मीर**
एजेंसी

उत्तरी कश्मीर के जिला कुपवाड़ा के सीमांत क्षेत्र केरन में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई है। सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर लिया है। फायरिंग हो रही है।

जम्मू संभाग के जिला डोडा के बाद कश्मीर के उत्तरी इलाके के जिला कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में मुठभेड़ शुरू हो गई है। गुरुवार को सीमांत क्षेत्र केरन में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी हुई। मौके पर सेना की 6 आरआर और पुलिस के एसओजी के जवानों ने मोर्चा संभाला हुआ है। दोनों ओर से गोलीबारी चल रही है।

जम्मू कश्मीर में गुरुवार को मौसम बिगड़ा हुआ है। कई इलाकों में बारिश हुई है। बादल छाए हुए हैं। इससे पहाड़ी इलाके धुंध से घिर जाते हैं। इसी बीच सुरक्षाबल आतंकियों से लोहा ले रहे हैं। उधर, डोडा में भी मुठभेड़ चल रही है।



बिगड़े मौसम के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी हो रही है। डोडा में सोमवार से आतंकियों की तलाश के लिए अभियान चल रहा है। डोडा में चार दिनों में ये तीसरी मुठभेड़ है, लेकिन अभी सुरक्षाबलों को सफलता नहीं मिल पाई है। घने जंगल, ऊंचे पहाड़ और बिगड़ा हुआ मौसम सुरक्षाबलों के लिए चुनौती बना हुआ है, लेकिन जवान डटे हुए हैं। एक अधिकारी ने कहा कि जल्द ही आतंकियों का सफाया किया जाएगा। रामबन-डोडा रेंज के डीआइजी श्रीधर पाटिल ने कहा कि ऑपरेशन अभी चल रहा है। जल्द इसे पूरा कर लिया जाएगा। देर रात करीब दो बजे डोडा के कास्तीगढ़ इलाके में हुई मुठभेड़ में दो जवान घायल हुए हैं। उन्हें राजकीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद कमान अस्पताल भर्ती कराया गया है। यहां उनका उपचार चल रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि इलाके में सर्च ऑपरेशन चल रहा है। इसी बीच रात में सेना ने संदिग्ध गतिविधियां देखी। तुरंत तलाशी के दौरान आतंकवादियों से संपर्क स्थापित हुआ, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि शुरुआती गोलीबारी के दौरान सेना के दो जवान घायल हो गए।

## खाई में गिरी कार, परिवार के दो लोगों की मौत, चार घायल

**रुद्रप्रयाग**
हमारे संवाददाता

परिवार डूंगरी गांव से रुद्रप्रयाग जा रहा था। इस दौरान डूंगरी मार्ग पर उनकी कार हादसे का शिकार हो गई। रुद्रप्रयाग में गुरुवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया।

डूंगरी मोटरमार्ग पर एक कार खाई में गिर गई। हादसे में एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, चार लोग घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार, घटना सुबह करीब छह बजे की है। ग्राम डूंगरी से परिवार कार (ह्न्न13 4341) में सवार हो रुद्रप्रयाग के लिए निकला था। इस दौरान डूंगरी मार्ग पर उनकी कार हादसे का शिकार हो गई। किसी ने हादसे की सूचना एसडीआरएफ को दी। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने खाई में जाकर देखा तो दो लोगों की मौत हो चुकी थी। हादसे में कलपेश्वरी(58) पत्नी बुद्धि लाल और आरती(24) पुत्री जितपाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, जितपाल(50) पुत्र बुद्धि लाल, बुद्धि लाल(70) पुत्र हीरु लाल, देवेश्वरी देवी(45) पत्नी जितपाल पूजा(27) पुत्री जितपाल घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, देवेश्वरी देवी की हालत गंभीर है।




## वाईएसआरसीपी नेता की बीच सड़क पर हत्या, हिंसा के आरोप

**हैदराबाद**
एजेंसी

आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले में एक वाईएसआरसीपी नेता की हत्या को लेकर राजनीतिक बयानबाजियां शुरू हो गईं। वाईएसआरसीपी टीडीपी पर हिंसा का आरोप लगा रही है। वहीं, टीडीपी इसे झूठ करार दे रही है।

आंध्र प्रदेश के पलनाडु जिले के विनुकोंडा शहर में बुधवार की रात वाईएसआरसीपी की युवा शाखा के एक सदस्य राशिद की हत्या कर दी गई। मामले को लेकर पलनाडु जिले के पुलिस अधीक्षक कांचे श्रीनिवास ने कहा कि शेख जिलानी नाम के एक व्यक्ति ने राशिद पर हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना में कोई राजनीतिक कोण नहीं है। फिलहाल आरोपी की जांच चल रही है। ऐसी गतिविधियों में शामिल लोगों को सख्त सजा का सामना करना पड़ेगा। वहीं, वाईएसआरसीपी का कहना है कि राशिद उनकी पार्टी का कार्यकर्ता था, जिसकी हत्या टीडीपी कार्यकर्ताओं ने की है। वाईएसआरसीपी के अध्यक्ष जगन मोहन रेड्डी ने कहा, मैं राशि के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं, जिनकी विनुकोंडा में टीडीपी कार्यकर्ताओं ने हत्या कर दी। सरकार विपक्ष को दबाने के लिए जघन्य कृत्यों में लिप्त है। मैं चंद्रबाबू नायडू को चेतावनी देना चाहता हूं कि सत्ता स्थायी नहीं है और उन्हें अपने हिंसक तरीकों को छोड़ देना चाहिए। रेड्डी ने कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर ध्यान देने का आग्रह करता हूं।

## आज अधिकांश जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है आने वाले दिनों में मानसून रफ्तार पकड़ेगा। वहीं आज पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में भारी बारिश के आसार हैं।

राज्य के अधिकांश जिलों में आज बारिश की संभावना है। पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में कई जगहों पर भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा देहरादून और हरिद्वार समेत आठ जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने की भी आशंका जताई गई है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार राज्य के देहरादून, हरिद्वार, टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, चंपावत एवं नैनीताल जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और बारिश



के तीव्र से अति तीव्र दौर होने की संभावना रहेगी।

वहीं देहरादून में आसमान में बादल छाए रहने के साथ ही कहीं हल्की बारिश तो कहीं पर भारी बारिश होगी। इस दौरान अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री के आसपास बना रहेगा। वहीं बुधवार को देहरादून में अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि पंतनगर में 36.1, मुक्तेश्वर में 20.5 एवं नई टिहरी में 23.9 डिग्री सेल्सियस रहा।

बरसात के कारण प्रदेश मे बुधवार को 47 मार्ग बंद हुए। इसके अलावा 36 मार्ग पहले से बंद थे। लोक निर्माण विभाग बंद सभी मार्गों में 40 ही खोल सका है, अभी राज्य में 43 सड़क बंद हैं। इसमें में एक राष्ट्रीय राजमार्ग, पांच राज्य मार्ग, दो मुख्य जिला मार्ग और 35 ग्रामीण मार्ग हैं। बंद मार्ग को खोलने के लिए 40 जेसीबी काम कर रही हैं।

# वृह्द पौधरोपण कार्यक्रम में पर्यावरण की जानकारी दी

**भवाली/नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

स्वयंसेवक संघ भवाली द्वारा माधव वाटिका भूमियाधार में वृहद पौधरोपण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उत्तराखण्ड प्रान्त कार्यवाह दिनेश सेमवाल और केन्द्रीय अखिल भारतीय जल एवं पर्यावरण सरंक्षण गोपाल द्वारा सभी को पर्यावरण के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान ने की। जिसमें नैनीताल विधायक सरिता आर्या भी उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को पर्यावरण, जल संरक्षण एवं साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया गया साथ ही सरस्वती विद्या मन्दिर व मातृ शक्ति द्वारा के स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

छात्र छात्राओं ने पौध रोपण कर पर्यावरण को साफ और सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। वहीं जनपद स्तर पर विभिन्न इलाकों में जिला प्रशासन की टीम, अधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौध रोपण कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर लगभग 200 से अधिक पौधे रोपे गये। आरएसएस की पर्यावरण गतिविधि के तहत इस अभियान के उत्तराखण्ड प्रान्त कार्यवाह दिनेश सेमवाल ने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करने के लिए प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में एक-दो पेड़ अनिवार्य रूप से लगाने चाहिए क्योंकि हर मनुष्य अपने जीवनकाल में पेड़ों से ऑक्सीजन को ग्रहण करता है। हम सभी को जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करना होगा। केन्द्रीय अखिल भारतीय जल एवं पर्यावरण संरक्षण गोपाल जी ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित रखने का संदेश दिया।



उन्होंने कहा कि हमें प्रण लेना होगा कि हम पौधों को लगाने के साथ साथ संरक्षित भी रखेंगे। संघ के पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के तहत स्वयं सेवकों ने पर्यावरण सुधार के लिए एक-एक पौधे लगाने का आव्हान किया जा है।

इस दौरान कार्यक्रम में जिला कार्यवाह उत्तम सिंह नयाल, जिला संघ चालक डॉ हेम पाण्डे, नगर संघ चालक कैलाश, नगर कार्यवाह उमेश बिष्ट, जिला प्रचारक राहुल,जिला प्रचार प्रमुख नवीन भट्ट, नगर सम्पर्क प्रमुख एनएस पुण्डिर, नगर व्यवस्था प्रमुख भरत भट्ट, नगर शारीरिक प्रमुख दीपक मलकानी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक दयाकिशन पोखरिया, मण्डल अध्यक्ष आनन्द बिष्ट, चन्दन जोशी, धर्मेन्द्र शर्मा, संजीव त्रिपाठी, प्रकाश पाण्डे, मोहित साह, अरविन्द बिसारिया, भावना बिष्ट, हिमांशु ओली, विमला अधिकारी, महिला मोर्चा नैनीताल कविता गंगोला के साथ अन्य अध्यापक, अध्यापिका मौजूद रहे।

## पेड़ों को काटने मामलाः वन विभाग जांच में जुटी

राष्ट्रीय राजमार्ग में कई हरे पेड़ों में आरी चलने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया में सवाल उठने व शिकायत के बाद वन विभाग की टीम जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग में एरीज बैंड के समीप हरे पेड़ काटे गए हैं। बुधवार को एक व्यक्ति की ओर से कटे पेड़ों की जड़ की फोटो सोशल मीडिया में डालते हुए कार्रवाई की मांग की है। कहा गया है कि मुख्य सडक़ के किनारे से हरे पेड़ काट दिए हैं लेकिन वन विभाग के अधिकारियों को मामले की कोई जानकारी ही नहीं है।

सूचना के बाद वन विभाग की टीम मामले की जांच में जुट गई है। मामले में वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में पेड काटने की जानकारी मिली है। जानकारी के बाद टीम को क्षेत्र में भेज दिया गया है। कहा कि यदि पड़ताल के बाद क्षेत्र में पेड़ काटे पाए गए तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# हरेला पर्व की थीम एक वृक्ष माँ के नाम के तहत पौधरोपण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भूमि संरक्षण वन प्रभाग नैनीताल के ओखलकाण्डा रेन्ज के वन पंचायत पोखरी व पुटगाव मे संयुक्त रुप से हरेला पर्व की थीम एक वृक्ष माँ के नाम के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन वन पंचायत पोखरी में किया गया जिसमें उत्तराखण्ड वन संसाधन प्रबन्ध परियोजना जायका योजना में गठित समूहों के सदस्य, पदाधिकारी व सदस्य, वन अधिकारी धारी परिवार के सदस्यो व ग्रामीणो के द्वारा परम्परागत पिछौडा पहनकर प्रतिभाग किया गया।

इस अवसर पर वन क्षेत्राधिकारी ओखलकांडा रेन्ज धीरज जोशी द्वारा वृक्षारोपण से प्रकृतिक लाभ बिषय पर जानकारी दी गयी तथा एक वृक्ष मां के नाम का स्मरण कर अपने अपने घर तथा खेत, वन पंचायत अथवा अपने निवास क्षेत्र मे एक वृक्ष लगाने तथा उसकी देखरेख करने विषय पर बताया तथा। इस अवसर पर वन दरोगा चन्द्र शेखर जोशी और वन दरोगा सुनिल कुमार टम्टा व क्षेत्र पंचायत सदस्य शुशिला कुलोरा व सरपंच सुमित्रा देवी द्वारा पौधो से होने वाले लाभ तथा सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी और वृक्षारोपण व हरेला के सम्बन्ध मे विस्तृत जानकारी दी गयी तथा वन पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में बांज, देवदार तथा आवला, हरडा व बहेडा व तेजपात के 200 पौधों का रोपण किया गया।



इस अवसर पर पोखरी के नौगुनिया और देव स्थल तथा पुटगाव के सामाजिकए गौमाता व दग्यड्ड्यो ऐडी देवता समूह के सदस्यए वन दरोगा चन्द्र शेखर जोशीए सुनिल कुमार टम्टा व वन रक्षक अनिल कुमार व ग्राम प्रधान पोखरी खष्टी देवीए सरपंच पुटगाव मुन्नी देवी जायका योजना से एफ एल सी अनिल फुलारा व नवल किशोर कोठारी ने प्रतिभाग किया तथा सभी महिला सदस्यो द्वारा पारंपरिक पिछौडा पहन पर्यावरण व पौधों की रक्षा करने व जंगल को समृद्ध करने के लिए जागरूकता गान किया व जागरूकता कार्य किया गया।

इस अवसर पर सिवनाराण सिह, शेर सिह, रेनू देवी, गीता थुवाल व अन्य महिलाये उपस्थित रही। बैठक का संचालन अनिल फुलारा ने किया व वन दरोगा चन्द्र शेखर जोशी जी द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## चोरों ने दुकान में की सेंधमारी, मुकदमा दर्ज

**नैनीताल।** मल्लीताल कोतवाली से करीब सौ मीटर की दूरी पर चोरों ने दुकान में सेंधमारी कर दी। चोर दुकान के गल्ले में रखी 20 हजार की नगदी व तीन क्रिकेट बैट ले उड़े। दुकान स्वामी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर निवासी पवन साह ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि मल्लीताल गाड़ी पड़ाव क्षेत्र में उनकी स्पोर्टस की दुकान है। बुधवार सुबह वह दुकान पर पहुंचे तो देखा की शटर पर लगा ताला टूटा हुआ है। शटर खोलने के बाद भीतर गल्ले में रखी 20 हजार की नगदी गायब मिली।

सामान बिखरा हुआ था जिसमें से तीन क्रिकेट बैट भी गायब मिले। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 305 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बताया कि चोरों की तलाश के लिए बाजार व आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है। जल्द ही चोर को पकड़ लिया जाएगा।

## NEWS / फटाफट

### हरेले पर्व पर गुरुद्वारा गुरुनानक पूरा कमेटी ने पौधे लगाए



**हल्द्वानी।** हरेले के उपलक्ष्य में आज गुरुद्वारा गुरुनानक पूरा कमेटी द्वारा पौधे लगाए गए जिसमें हेड ग्रंथि ठाकुर सिंह एवम,वरिष्ठ कांग्रेस नेता परमजीत सिंह कोहली,वरिष्ठ भाजपा नेता जसपाल सिंह कोहली ,सामाजिक कार्यकर्ता दिलप्रीत सिंह एवं साद संगत के साथ गुरुद्वारे के पार्कों में पौधे लगाए गए। हेड ग्रंथि ठाकुर सिंह ने कहा कि इस धरती में पहली पानी जियो है दूसरा वनस्पति,ये हमारे जीवन के आधार है अगर धरती में पेड़ नहीं होंगे तो हमे जीवन अधूरा है,पहले के बड़े बुजुर्ग घर में एक पेड़ अवश्य लगते थे ताकि वायु शुद्ध रहे ,,उन्होंने आम जनमानस से अपील की है खाली जगह पर एक पेड़ अवश्य लगाएं ताकि वायु शुद्ध रहे उन्होंने पानी के लिए भी अपील की है पानी ही हमारा जीवन है इसको भी हमे बचाना है।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने उठाई समस्याएं, सांसद को ज्ञापन देने पहुंचे

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त किसान मोर्चा के अपने अपने क्षेत्र के सांसदों को 16 से 18 जुलाई के बीच किसानों की समस्याओं पर ज्ञापन देने के राष्ट्रीय आह्वान के तहत अखिल भारतीय किसान महासभा कार्यकर्ता नैनीताल ऊधमसिंहनगर के सांसद अजय भट्ट के आवास पर ज्ञापन देने पहुंचे लेकिन उनके जिले से बाहर रहने के कारण ज्ञापन उनके प्रतिनिधि को सौंपा गया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी ने बताया कि, देश के किसान और मजदूर, चुनाव प्रक्रिया के दौरान अपनी आजीविका के मुद्दों को लेकर, स्वतंत्र रूप से और साथ ही संयुक्त रूप से, एक लंबे मुद्दे-आधारित संघर्ष में लगातार अभियान चला रहे थे। इन संघर्षों ने बड़े पैमाने पर लोगों में आत्मविश्वास भरा, मीडिया को प्रभावित किया, और भारत के संविधान में निहित लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और संघीय सिद्धांतों और सामाजिक आरक्षण की रक्षा के महत्वपूर्ण मुद्दों को आगे लाने में मदद की। उन्होंने कहा कि, संयुक्त किसान मोर्चा की 10 जुलाई 2024 को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय परिषद की बैठक में चुनाव के बाद के परिदृश्य का आकलन किया गया है। हमारा मानना है कि केंद्र सरकार को यह समझना चाहिए कि सत्तारूढ़ गठबंधन को पांच राज्यों में 38 ग्रामीण लोक सभा सीटों पर हार का सामना करना पड़ा है जहां किसान आंदोलन मजबूत था। पूरे ग्रामीण भारत में सत्तारूढ़ गठबंधन ने 159 सीटें खो दी हैं। यह लंबे समय से चले आ रहे कृषि संकट का परिणाम है और यह भविष्य में कृषि नीतियों में बड़े बदलाव की आवश्यकता को रेखांकित करता है। जंगी ने मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए-2 सरकार को एसकेएम और केन्द्र सरकार के बीच 9 दिसंबर 2021 को हुए समझौते के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार ठहराया, जिसमें किसानों की लंबे समय से लंबित मांग जैसे कि लाभकारी और गारंटीकृत एमएसपी के साथ खरीद, व्यापक ऋण माफी, बिजली के निजीकरण को निरस्त करना आदि शामिल हैं। 736 शहीदों के सर्वोच्च बलिदान और 384 दिनों 26 नवंबर 2020 से 11 दिसंबर 2021 तक चले दिल्ली की सीमाओं पर लगातार और अनिश्चितकालीन तेज संघर्ष में भाग लेने वाले लाखों किसानों की पीड़ा की पृष्ठभूमि में हुए, इस समझौते पर भारत सरकार के कृषि विभाग के सचिव ने हस्ताक्षर किए। वर्तमान में भारत के मेहनतकश नागरिक व्यापक ऋणग्रस्तता, बेरोजगारी और महंगाई जैसी गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। भारत में प्रतिदिन 31 किसान आत्महत्या कर रहे हैं। तीव्र गति से बढ़ रहे कृषि संकट, किसानों की आत्महत्या, गांवों से शहरों की ओर बढ़ते पलायन का संकट और घटती आय और धन असमानता को हल करने के लिए नीतियों में बदलाव आवश्यक है।

इसलिए, एसकेएम ने कॉर्पोरेट समर्थक नीतियों में बदलाव, 9 दिसंबर 2021 के समझौते को लागू करने, और अन्य प्रमुख मांग, जिन्हें मांग पत्र के रूप में शामिल किया गया है। ज्ञापन में सांसद से अनुरोध किया गया कि वह किसानों और खेत मजदूरों के साथ खड़े हों और प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल पर लंबित ज्वलंत मांगों पर तत्काल और सार्थक कार्रवाई करने का दबाव डालें। ज्ञापन में हस्ताक्षर करने वालों में अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी, किसान नेता पुष्कर सिंह दुबड़िया, किशन बघरी, विमला रौथाण, निर्मला शाही, धीरज कुमार, कमल जोशी, प्रभात पाल और माले जिला सचिव कैलाश पाण्डेय शामिल थे।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# 23 जुलाई को सुंदरकांड का आयोजन किया जायेगा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नव सांस्कृतिक सत्संग समिति शेर का डांडा के अध्यक्ष खुशाल सिंह रावत एवं सचिव पी. पी. पांडे के मार्गदर्शन में कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर कई अहम बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 23 जुलाई (मंगलवार) को रामलीला प्रांगण में शाम को 4 बजे से सुंदरकांड का आयोजन किया जायेगा। सुन्दरकांड के पश्चात इस वर्ष के रामलीला मंचन हेतु तालीम प्रारंभ कर दी जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य विभिन्न प्रस्ताव भी पारित किए गए जिनमें रामलीला परिसर की रंगाई-पुताई तथा मंच हेतु दरी ब्यवस्था हेतु नाप जोख पर चर्चा हुई।





बैठक में तालीम हेतु विभिन्न सदस्यों को दायित्व दिए गए जिसमें हार्मोनियम में खुशाल सिंह रावत, हिम्मत सिंह व ललित गिरी गोस्वामी जबकि तबला में पूरन चंद्र पांडे, संतोष पंत, लक्ष्मण सिंह बिष्ट तथा गौरव जोशी वहीं व्यवस्थागत सहयोग में इंद्र सिंह रावत, चारु पंत, राजेश जोशी सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य योगदान देंगे।

नव साँस्कृतिक सत्संग समिति के संरक्षक महेश चन्द्र तिवारी की उपस्थिति में बैठक में समिति के उपाध्यक्ष संतोष पंत, कोषाध्यक्ष विनोद सनवाल, सूचना प्रसारण मंत्री दीपक पांडे, सम्प्रेषक ललित मोहन पांडे, सह कोषाध्यक्ष दीपक जोशी, उप सचिव डॉ. हिमांशु पांडे सहित वरिष्ठ सदस्यों कैलाश चंद्र जोशी, ललित गिरी गोस्वामी, इंद्र सिंह रावत, राजेश जोशी, कंचन चंदोला, भैरव सिंह बिष्ट तथा कुँवर सिंह रावत व गणेश लोहनी आदि सदस्य उपस्थित थे।

# अभिमत

## धर्म और अंधभक्त

*करीब सवा सौ लोगों की जान जाने के बाद उत्तर प्रदेश के विपक्षी नेता राजनीतिक रोटियां सेकने का प्रयास कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर सनातन धर्म के विद्वान एवं धर्मगुरु मुखर हुए हैं। इस मामले में सूरजपाल उर्फ भोले बाबा की तत्काल गिरफ्तारी नहीं होने और सेवादारों को आरोपी बनाने तथा गिरफ्तारी से मामला गंभीर हो गया है। सच तो यह है कि सवा सौ लोगों की मौत के लिए सेवादारों को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। प्रशासन को कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति देने से पहले आयोजक को सत्यापित करना चाहिए। प्रशासन की लापरवाही जरूर है, लेकिन इतनी मौतों के लिए मुख्य जिम्मेदारी आयोजक की है।*

सांसारिक बंधनों और माया-मोह से मुक्त धर्म गुरुओं का सम्मान किया जाना चाहिए। दिव्य शक्ति प्राप्त करने वालों का अनुयायी होना अच्छी बात है। ढोंगी, धनलोलुप और दिखावा करने वालों ने विकृतियां उत्पन्न कर दी हैं। हाथरस में सूरजपाल उर्फ भोले बाबा के कार्यक्रम में भगदड़ से 121 लोगों की मृत्यु होने पर सवाल उठ रहे हैं। तथाकथित कई संत व बाबा जेल जा चुके हैं। दुष्कर्म और करोड़ों की सम्पत्ति अर्जित करने के गंभीर आरोप साबित हो चुके हैं, लेकिन अंधभक्त अपनी जान जोखिम में डालने से भी परहेज नहीं करते हैं। धर्म के मर्मज्ञ और सच्चे धर्मगुरुओं को किसी भी दुर्घटना के होने से पहले आगे आकर धर्म की आढ़ में छिपे अपराधियों का विरोध करना होगा। भोले बाबा के बारे में मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उसने पुलिस के खुफिया विभाग एलआईयू में कार्य किया। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के बाद वह बाबा बन गया। उसके खिलाफ आगरा में आपराधिक मुकदमा दर्ज हो चुका है। कई जगह आश्रम हैं। मैनपुरी का आश्रम 21 बीघा भूमि पर बना है। आश्रम के आलीशान भवन में लग्जरी कमरे हैं। भोले बाबा कई लग्जरी कारों के काफिले से सड़कों पर निकलते थे। बताया जाता है कि हाथरस में आयोजित कार्यक्रम में बाबा कार में सवार होकर जा रहे थे तो उनके चरणों की धूल लेने की होड़ में भगदड़ मच गई। लोग कुचल कर मर गये। मरने वालों में बच्चे और महिलाएं अधिक हैं। बाबा के ज्यादातर अनुयायी कम पढ़े-लिखे और अंधविश्वासी हैं। किसी मृत व्यक्ति को जिंदा करने का चमत्कार करने के लिए बाबा ने दो दिन तक शव को सार्वजनिक रूप से रखकर झाड़फूंक किया। लोगों की भारी भीड़ लगी तो पुलिस ने कार्रवाई करके बाबा को गिरफ्तार किया। जेल से छूटने के बाद खुफिया विभाग के पूर्व कर्मचारी ने अंधविश्वास का जाल फैलाया और हजारों अनुयायी तैयार कर लिये। इस दौरान प्रशासन, पुलिस, खुफिया तंत्र और आयकर विभाग ने आंखें बंद रखीं। कुछ वर्षों में करोड़ों के कई आश्रम का स्वामी बने बाबा की करतूतों पर राजनीतिक दलों के नेताओं की नजर भी नहीं पड़ी। करीब सवा सौ लोगों की जान जाने के बाद उत्तर प्रदेश के विपक्षी नेता राजनीतिक रोटियां सेकने का प्रयास कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर सनातन धर्म के विद्वान एवं धर्मगुरु मुखर हुए हैं। इस मामले में सूरजपाल उर्फ भोले बाबा की तत्काल गिरफ्तारी नहीं होने और सेवादारों को आरोपी बनाने तथा गिरफ्तारी से मामला गंभीर हो गया है। सच तो यह है कि सवा सौ लोगों की मौत के लिए सेवादारों को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। प्रशासन को कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति देने से पहले आयोजक को सत्यापित करना चाहिए। प्रशासन की लापरवाही जरूर है, लेकिन इतनी मौतों के लिए मुख्य जिम्मेदारी आयोजक की है।

# नैनीताल में मोहर्रम पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन





**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला मुख्यालय नैनीताल में बुधवार को मोहर्रम के मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस मौके पर मल्लीताल में ताजियों का जुलूस निकाला गया,जो रायल होटल परिसर से शुरु हुआ, इसमें ढोल ताशा व अखाड़ा शामिल हुए, अखाड़े में लोगों ने कर्तव्य दिखाएं, देर रात कर्बला में जुलूस संपन्न हुआ। जुलूस को मोहर्रम कमेटी के बैनर तले पर निकल गया। इस मौके पर कमेटी का अध्यक्ष नाजिम बॉक्स समेत अब्दुल बासित, रईस बॉक्स, मकसूद, याकूब, राशिद वारसी, पूर्व सभासद नगर पालिका गजला कमाल, मुन्ना भाई, तस्लीम बॉक्स, समीर अली, आरिफ ,मोहम्मद कासिम, मोहम्मद अजीम,कासिफ जाफ री, शाहिद वारसी, समीर अहमद, अब्दुल हसीन, अब्दुल जमील,शान अहमद, मोहम्मद खालिद, मोइन गुड्डा, शाहनवाज खान तथा सउद बख्श आदि लोग शामिल थे। दूसरी ओर आशूर के दिन हजरत इमाम हुसैन की शहादत हुई थी।

उनकी याद में मोहर्रम के 10वें दिन को लोग मातम के रूप में मनाते हैं जिसे आशूरा कहते हैं, हजरत इमाम हुसैन अपने 72 साथियों के साथ मोहर्रम माह के 10वें दिन कर्बला के मैदान में शहीद हो गए थे, उनकी शहादत और कुर्बानी के तौर पर इस दिन को याद किया जाता है। सिरसी से आये मौलाना मैदर जैदी ने बताया के आज के ही दिन मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन तीन दिन के भूखे प्यासे शहीद कर दिए जिसमें उनके 6 माह का बेटा अली असगर 18 माह का बेटा अली अकबर और ईमाम के भतीजे जनाबे कासिम भाई अब्बास सहित 72 साथियो के साथ कर्बला में कुर्बानी दी थी। मोहर्रम का चांद दिखने के बाद मजलिसों का दौर शुरू हो गया आज 10 मोहरम को माध्यमिक जुलूस मोटापानी इमामबाड़ा तक निकाला गया जिसमें फ रमान अली खान, मुस्ताक अली खान, सरवर खान, गुलाम अली खान, सलीम खान रमजानी तथा खान समुदाय के सभी लोग शामिल रहे।

## झोड़ा, चांचरी गायन कर बिखेरे संस्कृति के रंग

**अल्मोड़ा।** घुश्मेश्वर महिला समिति की ओर से नंदा देवी मंदिर के गीता भवन परिसर में हरेला पर्व मनाया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। महिलाओं ने झोड़ा, चांचरी गायन कर संस्कृति के रंग बिखेरे।

महिलाओं ने नंदा देवी मंदिर पहुंचकर मां नंदा को हरेला अर्पित किया। इस दौरान उन्होंने कुमाऊंनी, गढ़वाली गीतों के साथ झोड़ा, चांचरी का गायन किया।

कार्यक्रमों का आनंद लेने दर्शकों की खासी भीड़ जुटी रही। समिति की अध्यक्ष लता तिवारी ने कहा कि हरियाली का प्रतीक हरेला पर्व आपसी भाईचारा भी बढ़ाता है। समिति ने कार्यक्रम में शामिल महिलाओं को उपहार देकर सम्मानित किया। यहां मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, सीएल वर्मा, प्रमोद रावत, नीता उप्रेती, ज्योति तिवारी, शोभा जोशी, राधा बिष्ट, प्रीति बिष्ट आदि मौजूद रहीं।

# सांसद अनिल बलूनी से बैंक ऑफिसर्स यूनियन के प्रतिनिधिमंडल शिष्टाचार भेंट की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



सांसद अनिल बलूनी से बैंक ऑफिसर्स यूनियन के पदाधिकारियों ने बातचीत के दौरान नैनीताल बैंक की वर्तमान स्थितियों के बारे में सांसद बलूनी को विस्तार से अवगत कराया तथा नैनीताल बैंक के बैंक ऑफ बड़ौदा में जल्द से जल्द विलय करवाने हेतु चल रही कवायद में तेजी लाने का अनुरोध किया।

यूनियन के प्रतिनिधिमंडल की प्रार्थना पर संज्ञान लेते हुए सांसद अनिल बलूनी ने आश्वासन देते हुए कहा कि विलय संबंधी माँग उनकी प्राथमिकता में है और शीघ्र ही वे संबंधित मंत्रालय में इस विषय में बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कर्मचारियों और बैंक के ग्राहकों के हितों को सुरक्षित रखने हेतु कटिबद्ध है।

बता दें कि जनवरी 2024 में सांसद अनिल बलूनी के नेतृत्व में नैनीताल बैंक का एक प्रतिनिधिमंडल नैनीताल बैंक के बैंक ऑफ बड़ौदा में विलय संबंधित वर्षो लंबी माँग के चलते वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण से उनके कार्यालय में मिला था। उस समय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा भी इस दिशा में उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया हालांकि लोक सभा चुनाव प्रक्रिया के चलते एवम् आदर्श आचार संहिता लागू हो जाने के कारण इस दिशा में कार्यवाही लंबित रह गई थी।

अब सरकार के लगातार तीसरे कार्यकाल में वापसी करने के साथ ही नैनीताल बैंक के समस्त कर्मचारी भी अपनी नैनीताल बैंक के बैंक ऑफ़ बड़ौदा में विलय संबंधित माँग पर त्वरित कार्यवाही होने के लिए आशान्वित हैं।

इससे पूर्व यूनियन के प्रतिनिधियों ने अनिल बलूनी को लोकसभा चुनाव जीतने एवम भारतीय जनता पार्टी द्वारा लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने पर शुभकामनाएं दी। शिष्टाचार मुलाकात के दौरान यूनियन के महामंत्री पीयूष पयाल, कोषाध्यक्ष चंद्रमोहन सिंह रावत, उप महामंत्री प्रवीण रावत तथा अंकुर मेहरोत्रा तथा मनीष मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## अमेरिकी इन्फ्लुएंसर ने मांगी प्रियंका चोपड़ा से माफी



*प्रियंका चोपड़ा वैसे तो आज अपने जन्मदिन की वजह से चर्चा में बनी हुई हैं, लेकिन इसी बीच एक और कारण से सोशल मीडिया पर उनका नाम चर्चा का विषय बन गया है। सभी जानते हैं कि प्रियंका हाल ही में अपने पति निक जोनस के साथ अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में नजर आई थीं। इस दौरान एक अमेरिकी इन्फ्लुएंसर ने उनसे बातचीत की थी, जिसके बाद उनकी काफी आलोचना हुई और अब इस मामले पर उन्होंने माफी मांग ली है। इन्फ्लुएंसर जूलिया चाफे ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल अनंत और राधिका की शादी का एक वीडियो पोस्ट किया था। इस वीडियो में वो प्रियंका चोपड़ा से बात कर रही थीं, जो काफी वायरल भी हुआ था। दरअसल, इस वीडियो में जूलिया, प्रियंका से बात करते हुए पूछती हैं कि उन्होंने क्या पहना है। अभिनेत्री अपना जवाब देती है। बातचीत आगे बढ़ती है, लेकिन जूलिया उन्हें बोलने का मौका ही नहीं देती और निक जोनस पर बात करने लगती हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद सोशल मीडिया यूजर्स ने जूलिया की काफी आलोचना की थी। यूजर्स का कहना था कि जूलिया ने प्रियंका का अपमान किया। इसके बाद अब जूलिया ने एक नया वीडियो साझा किया है, जिसमें वो इस मामले को लेकर बात करती हुई दिखाई दे रही हैं।*

### प्रयंका चोपड़ा का अपमान

*जूलिया ने अपने नए वीडियो में कहा कि मुझे लगता है कि मैंने अनंत अंबानी की शादी में प्रियंका चोपड़ा का अपमान किया था और मैं इसके बारे में सोचना बंद नहीं कर सकती। मेरे उस वीडियो को 50 मिलियन बार देखा जा चुका है। उन्होंने यूजर्स के लगाए आरोपों को सही मानते हुए कहा कि प्रियंका मुझे और भी बातें बताने की कोशिश कर रही थी, मगर मैंने उन्हें बीच में ही रोक दिया था। उन्होंने आगे कहा कि प्रियंका ने उनसे कहा था कि वो मुझे जानती हैं और यह मेरे लिए रेड अलर्ट की तरह था। जूलिया चाफे ने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी को बखूबी कवर किया है।*

# मंदिर में पूजा करने गया युवक और साथी को बंधक बना कर मारपीट की

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

मंदिर में पूजा करने गया युवक और उसके साथी को कमरे में ले जाकर बंधक बनाकर बेहरमी से मारपीट कर उसके कपड़े उतार नग्न अवस्था की वीडियो बनाने का मामला प्रकाश में आया है। वीडियो वायरल करने की भी धमकी दी।

पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंप न्याय की गुहार लगाई। मामला चौकी रम्पुरा क्षेत्र का बताया जा रहा है। फिलहाल इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। चौकी रम्पुरा क्षेत्र निवासी मनोज ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह 16 जुलाई 24 को रात करीब साढ़े नौ बजे खेड़ा स्थित चामुंडा मंदिर पूजा करने गया। उसके साथ उसका दोस्त भी था। पीड़ित के मुताबिक मंदिर के बाहर खड़े कुछ युवकों ने उसके साथ गाली गलौज की और उसे उठा कर कमरे में ले गए। दोस्त ने बचाने की कोशिश की तो उसे भी ले गए। आरोप है कि उसे बंधक बनाकर मारपीट की। साथ ही कपड़े उतार कर नग्न अवस्था की पीटते हुए वीडियो बनाई। वीडियो इंटरनेट पर वायरल करने की भी धमकी दी है। कहा कि अगर रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश की परिणाम गंभीर होंगे। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में आरोपी जात विशेष समुदाय के बताए हैं। उनके हाथों में धारदार हथियार भी थे। पीड़ित ने तहरीर में बताया कि युवक ने उक्त युवकों से जान माल का खतरा बताते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई। घटना के तीन दिन बाद भी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी है। बता दें कि घटना 16 जुलाई की, कार्रवाई कुछ नहीं। इध सूत्रों की मानें तो इस मामले सुलह समझौता का प्रयास हो रहा है।

एसएसआई दीपक कौशिक ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया है। तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है। जांच के बाद कार्रवाई होगी।

News कॉर्नर

## बाल श्रम पर आधारित फिल्म कन्नू को एक दर्जन से ज्यादा अवार्ड्स मिले

**नैनीताल ।** बाल श्रम पर आधारित फिल्म कन्नू को अब तक एक दर्जन से ज्यादा अवार्ड्स मिल चुके हैं। अभी हाल में बांग्लादेश के प्रतिष्ठित क्राउन अंतराष्ट्रीय फिल्म अवार्ड्स बांग्लादेश में फिल्म ने बेस्ट इंटरनेशनल फि ल्म, बेस्ट स्टोरी तथा बेस्ट स्क्रीनप्ले के अवार्ड्स जीते हैं। बता दें कि संजय सनवाल की ओर से निर्देशित कन्नू फिल्म को तीन अवार्ड्स मिलने से फिल्म के कलाकार और फिल्म की पूरी टीम बहुत उत्साहित है। बता दें फिल्म में मुख्य कलाकार राजेश आर्य, बलजिंद कौर, अनिल घिल्डियाल, कुलदीप सिंह रावत तथा जी0 के0 ए0 गौरव बब्बी व अन्य कलाकारों ने खुशी जताई।

## सल्ट में कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला

**अल्मोड़ा।** दिल्ली में स्थापित होने वाले केदारनाथ मंदिर के विरोध में सल्ट में कांग्रेस ने सरकार का पुतला जलाया। उन्होंने इसे प्रदेश के लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ बताया।

बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ता ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में मुख्य बाजार में एकत्र हुए और प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ दिन पूर्व केदारनाथ मंदिर से 228 किलो सोना निकालकर पीतल लगा दिया गया। अब सरकार केदारनाथ मंदिर को ही दिल्ली में स्थापित कर रही है। खुद सीएम दिल्ली में बनने वाले केदारनाथ मंदिर के भूमिपूजन में शामिल हुए। यह कृत्य प्रदेश की जनता की आस्था के साथ खिलवाड़ है। वहां पर शोबन सिंह, दयाकृष्ण भट्ट, नारायण सिंह रावत, घनानंद शर्मा, मदन सिंह, विशन दत्त, हरी सिंह, गोपाल सिंह आदि थे।

# पुलिस नदारद, पहरेदारी की जिम्मेदारी चौकीदारों के कंधे पर

उत्तरांचल दीप
सलीम खान,हल्द्वानी

अंधेरी रातों में गली मोहल्लों गूंजने वाली जागते रहो की आवाज से हर कोई परिचित है। चौकीदार शब्द आमतौर पर पहरेदारी का काम करने वाले उन लोगों के लिए प्रयुक्त होता है जो रातभर जागर आपकी हमारी संपत्ति एवं जानमाल की रक्षा करते हैं। वह अपनी जान की परवाह किए बिना अपने कर्तव्यों का पालन करता है लेकिन इसके बावजूद चौकीदार का स्थान समाज में सबसे निचले पवायदान है। और उसका कहीं सम्मान भी नहीं है। किसी भी जिले में कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी पुलिस के कंधों पर होती है। यही वजह कि पुलिस की



सबसे अहम इकाई पुलिस थाने होते हैं। थानों की जिम्मेदारी अपने अधिकार क्षेत्र में अपराध और अपराधियों पर नजर रखना होता है। लेकिन इसके इतर चौकीदार की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। कई कालोनियों और मोहल्ले में इन्हें पहरेदारी के लिए रखा जाता है। अंग्रेजों के समय से ही विभिन्न क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए चौकीदार की व्यवस्था रही है। इन पहरेदारों को अधिकार कुछ भी नहीं हैं, जबकि जिम्मेदारियां बहुत हैं। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कैसे कायम रहे, कोई अपराधी तत्व तो सक्रिय नहीं हो रहा है। यह सब ध्यान रखना चौकीदार का ही काम है। किसी घटना या दुर्घटना की तुरंत सूचना देना भी चौकीदार की ही जिम्मेदारी है। जोखिम भरे इस काम के बदले इनकी सुरक्षा के नाम पर डंडे तक ही सीमित है। रात को जब हम चौन से सो रहे होते हैं तो ये पहरेदार गश्त पर होते हैं। इस काम के बदले सरकार चौकीदार को वेतन न के बराबर देती है। रात में क्षेत्र विशेष की सुरक्षा के लिए शहर के कई इलाकों में चौकीदार तैनात किए गए हैं लेकिन कई जगहों पर चौकीदारों को पैसा देने में तक आनाकानी की जाती है। पैसा मांगने का समय आता है तो दुकानदार टाला मटोली शुरू कर देते हैं।

### ऐसे शुरू हुई चौकीदारी की परंपरा

चौकीदार शब्द उर्दू के शब्द चौकी से निकला है, आमतौर पर पुराने जमाने में हर गांव की सीमा के चार कोनों पर एक चौकी होती थी, जहां के जरिए उस पूरे गांव पर नजर रखी जाती थी, ताकि गांव को घुसपैठियों, चोरों और डकैतों से बचाया जा सके। उर्दू शब्द चौक (चौकी) और दार (रखवाला) को मिलाकर चौकीदार शब्द बना। माना जाता है कि चौकीदार जैसी भूमिका की शुरुआत प्राचीन भारत में ही हो चुकी थी लेकिन मुगलों ने इसे एक सिस्टम में ढाला। उन्होंने शासकीय तौर पर हर गांव पर चौकीदारों की नियुक्ति की।

### रात्रि गश्त दावा करने वाली पुलिस

रात को किसी भी चौराहे पर या किसी क्षेत्र में पुलिस नाम पुलिस दिखाई नहीं देती रात्रि गश्त दावा करने वाली पुलिस नदारत दिखाई पड़ती है ऐसे में रात्रि चौकदार के कधों पर गश्त का जिम्मा रहता है।

# आरएस लॉजिस्टिक के स्वामी के साथ 52 लाख रुपए की धोखाधड़ी

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

शहर के एक बड़े ट्रांसपोर्टर के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने तीन नामजद समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक हरीश मुंजाल पुत्र शेरचन्द मुंजाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका रुद्रपुर में आरएस लोजिस्टिक, रूद्रपुर में ट्रांसपोर्ट का मुख्य कार्यालय है।

कंपनी को अशोका लिलैंड कंपनी पंतनगर सिडकुल से नए ट्रक व चैसिंस संपूर्ण भारत में भेजने का ट्रांसपोर्ट का टेन्डर मिला हुआ है। कपनी का चेन्नई स्थित आरएस लोजिस्टिक की शाखा में सभी प्रबन्ध व कार्य देखने के लिए भास्कर प्रताप पांडेय पुत्र रामेश्वर पांडेय निवासी महुलानी बर्डपुर 3, विर्दपुर, सिद्धार्थनगर, यूपी को नियुक्त किया

**आरोप**

- 3 नामजद समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज
- चेन्नई स्थित आरएस लोजिस्टिक की शाखा में देख रेख करने वाले पर साथियों से मिल लाखों की रकम हड़पने का आरोप

हुआ था। बताया कि उसकी कंपनी के तमिलनाडू स्थित कार्यालय से नए चैसिस भेजने का रोड टैक्स जमा करने को लगभग 5 लाख रूपये प्रति सप्ताह की पेमेन्ट ट्रांसफर करते थे।

भास्कर पूर्व में भेजे गये रूपये सही से ट्रांसफर करता रहा और रसीदें कंपनी भेजता रहा। आरोप है कि बाद में भास्कर प्रताप पांडेय अपने साथी मोहम्मद मुनीम खां पुत्र उमर मोहम्मद निवासी 31 मस्जिद के पास नगला, जमालगढ़ 157, मेवात, हरियाणा व फारूख पुत्र जुहुरू खान निवासी-वार्ड नं0-7. खेड़ा महमूद, तहसील लक्ष्मणगढ़, खेड़ा का बांस, अलवर, राजस्थान के साथ एक राय होकर तीन चार अज्ञात साथियों के साथ मिलकर रूपये जमा करने की नकली व कूटरचित रसीदें बनाकर उन्हें कंपनी में असली बताते हुए भेजकर कंपनी के 52,40,000/ रुपए हड़प लिये।

पता चलने पर रूपये वापसी करने को कहा तो गंदी गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा। झूठे मुकदमें में फंसाने की भी धमकियां भी दे रहा है। उन्होंने पुलिस से उक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने रुपए हड़पने वाले उक्त लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। बता दें कि आर एस लोजिस्टिक के स्वामी ने पुलिस को 21 जुन को तहरीर दी है।

# पंतनगर विश्व विद्यालय के सेवानिवृत्त कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के सेवानिर्वत कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पुलिस के मुताबिक के टा कालोनी पंतनगर निवासी 60 वर्षीय ओमप्रकाश शर्मा पुत्र शहजादे लाल पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय से गरीब ड़ेढ माह पूर्व पीटीसी वर्कशाप विभाग से सेवानिर्वत हुए थे। कुछ दिन पूर्व एक सड़क दुर्घटना में वह घायल भी हुए थे और उनका उपचार चल रहा था। मध्य रात्रि उनका स्वास्थ्य अचानक तेजी से बिगड़ गया। जिस पर उन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां

**दुःखद**

- ओमप्रकाश शर्मा के निधन से विश्वविद्यालय परिसर में शोक

चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने पर पंतनगर थाना पुलिस ने अस्पताल पहुंच शव को कब्जे में लिया और परिजनों से आवश्यक जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा। मृतक के दो पुत्रें व एक पुत्री का विवाह हो चुका है जबकि एक पुत्री अविवाहित है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। ओमप्रकाश शर्मा के निधन से विश्वविद्यालय परिसर में शोक की लहर व्याप्त है।

# होनहार बेटी दीक्षा उत्तराखंड -उत्तर प्रदेश मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में प्रथम रही




हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नगर में निवास करने वाले एडवोकेट की होनहार बेटी दीक्षा पांडे ने लखनऊ में आयोजित उत्तराखंड -उत्तर प्रदेश मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में प्रथम रनर अप खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही आगामी अगस्त में मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का टिकट भी पक्का कर लिया है।

अब वह मिस इंडिया यूनिवर्स प्रतियोगिता के अपनी अदाकारी तथा टैलेंट के बल पर इस प्रतियोगिता में सबसे बेहतर प्रदर्शन बल पर खिताब को अपने नाम करने का पूरा प्रयास करेगी। मल्ली बमोरी निवासी धीरज पांडे जो कि सरकारी वकील है की पुत्री दीक्षा ने सैंट टेरेजा स्कूल से 12वीं की शिक्षा हासिल की ।वर्तमान में वह इंटीरियर डिजाइनर के साथ-साथ मुंबई स्थित एक अंतरराष्ट्रीय एजेंसी रनवे लाइफस्टाइल में स्थाई मॉडल के रूप में कार्य कर रही है ।

दीक्षा की माता कंप्यूटर की टीचर है। दीक्षा ने अपने बेहतर लाइफ स्टाइल तथा खानपान को ध्यान में रखकर इतनी बड़ी प्रतियोगिता में प्रथम रनर अप स्थान प्राप्त कर हल्द्वानी और उत्तराखंड का नाम रोशन करते हुवे हल्द्वानी एवम उत्तराखंड की युवतियों के लिए एक उदाहरण भी पेश किया है। क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने दीक्षा के इस प्रदर्शन पर उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उसे बधाई दी है।

## गांधीनगर में गुलदार दिखाई देने की खबर से हड़कंप

**हल्द्वानी।** नगर निगम के गांधीनगर वार्ड में गुलदार दिखाई देने की खबर से लोगों में दहशत बनी हुई है। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। इस पर वन कर्मियों को मौके पर भेजा गया है। हल्द्वानी रेंजर आनंद कुमार ने बताया कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में गुलदार की सूचना मिली है। वन कर्मियों को मौके पर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि जब तक गुलदार के पंजे के निशान व अन्य गतिविधियों का पता नहीं चलता तब तक कुछ कहा नहीं जा सकता।

# हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई को तीन दिन से काट रहा चौकी के चक्कर

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

रम्पुरा में तीन दिन पहले एक युवक के साथ कुछ लोगों ने घेराबंदी कर बाहर बेहरमी से मारपीट की। पीड़ित हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस चौकी के चक्कर काट रहा है, पुलिस उसकी सुनने को तैयार नहीं है।

आज भी पीड़ित परिवार के साथ चौकी में बैठा है। रम्पुरा वार्ड 23 निवासी अशोक पुत्र पप्पू कोली ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह



16 जुलाई की रात दोस्त के साथ घर जा रहा। आरोप कि घात लगाए बैठे लोगों ने उसकी घेराबंदी कर घेर लिया और उस पर हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कालोनी के कई लोगों को नामजद किया है।

पीड़ित का कहना था कि वह तीन से चौकी आ रहा हूं, हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही। पीड़ित आज़ भी परिवार के साथ चौकी पहुंचा। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में कार्रवाई नहीं हो सकी थी और पीड़ित परिवार के साथ चौकी में बैठा था। चौकी प्रभारी का कहना था कि मामले में जांच की जा रही है।

# विधायक ने दिशा की बैठक में उठाये रुद्रपुर विधानसभा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित एपीजे अब्दुल कलाम सभागार मे दिशा की बैठक आयोजित हुई। बैठक नैनीताल ऊधम सिंह नगर लोकसभा सांसद अजय भट्ट ने ली। इस दौरान सांसद भट्ट ने ऊधम सिंह नगर क्षेत्र मे चल रहे विकास कार्य व भविष्य मे होने वाले कार्यों पर समीक्षा की। जिसमे जिला अधिकारी से लेकर सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने भी सांसद अजय भट्ट की मौजूदगी में रुद्रपुर विधानसभा से जुड़े मुद्दों को उठाया। विधायक ने कहा कि रुद्रपुर क्षेत्र मे प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय जिकसे जमीन हस्तांतरण का कार्य भी आगे बढ़ गया है और जो झा कॉलेज की भूमि पर



प्रस्तावित है ऐसे मे रुद्रपुर जिला मुख्यालय है। वह केंद्रीय विद्यालय होने से इसका लाभ रुद्रपुर व आस पास के लोगो को मिलेंगे यह बच्चों को अच्छी शिक्षा से जोड़ने हेतु बहुत जरूरी है। इसके साथ ही एक अन्य महत्वपूर्ण विषय रुद्रपुर क्षेत्र में विगत 70 वर्षो से आदित्य झा कॉलेज के बाद कोई नये रुद्रपुर में इंटर कॉलेज स्कूल की स्थापना नहीं हुई। गंगापुर रोड पर शेलजा फर्म की भूमि पर इंटर कॉलेज निर्माण का प्रस्ताव जिला स्तर से शासन को भेजा था। इसके भी जमीन हस्तांतरण का कार्य प्रकिया में है। विधायक ने रुद्रपुर मे फौरनसिक यूनिवर्सिटी एनएफएसयू परिसर की स्थापना के विषय को रखा। रुद्रपुर एनएच 87 से अटरिया मंदिर होते हुए सिडकुल मोड़ तक जाने वाली रोड जो बेहद जर्जर हालत मे उसके निर्माण मार्ग सतहींकरण,सतह सुधार एवं सुदूड़ीकरण का कार्य जिसकी लम्बाई 4 किलोमीटर है लागत 212.66 लाख है इसका कार्य शीघ्र अति शीघ्र करवाया जाये। विधायक ने कहा कि ट्रांजिस्ट कैम्प क्षेत्र में झील से रोड का निर्माण जिसकी लागत 198.65 लाख है इसका प्रस्ताव काफ़ी समय से लंबित है इसका निर्माण भी जल्द से जल्द हो। साथ हीं एनएच 74 बिगवाड़ा से तीन पानी डेम तक मार्ग के पुन निर्माण कार्य के अन्तर्गत सतह सुधार एवं एवं इंटरलोकिंग टाइल्स लगाने का कार्य जिसकी लम्बाई 3.300 किलोमीटर लागत 216.29 लाख है। इसका निर्माण भी जल्द शुरू हो यह उस क्षेत्र के लोगो की बहुत पुरानी माग है जो जनहित मे अति महत्वपूर्ण है। मेडिकल कॉलेज के निर्माण में तेजी लाने की बात कही। जिससे हम जल्द से जल्द यहाँ बेहतर इलाज वाला अत्यंधुनिक सुविधाओं से पूर्ण मेडिकल कॉलेज में जनता को इलाज दे।